Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding calling for a report from Governor on administrative anarchy in the state of Madhya Pradesh.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ में बहुत बड़े-बड़े वायदे कर भारी बहुमत से कांग्रेस ने राज्य में सरकार बनाई। परन्तु हमेशा की तरह सरकार ने वादा खिलाफी की और इसका नतीजा यह हो रहा है कि राज्य के युवाओं में, बेरोजगारों में, मजदूरों में, महिलाओं में, शासकीय कर्मचारियों में और पुलिसकर्मियों में घोर निराशा घर कर गई है। इसका प्रमाण इससे मिलता है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 233 किसानों ने, 329 बेरोजगारों ने 1679 दैनिक मजदूरों ने और इस तरह कुल 7629 लोगों ने आत्महत्या की थी। आत्महत्या के मामले में देश में राज्य का नौवां स्थान आया है। आज राज्य में प्रशासनिक अराजकता का वातावरण है। लोग परेशान हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि माननीय राज्यपाल से इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाकर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश प्रसारित करें।